**दिनांक 12.05.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के सुगॉव पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य के लिए प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:-

(i) श्री मनोज कुमार सिंह, - अध्यक्ष
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) श्री अभय कुमार सिंह, - सदस्य
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, गया जी।

(iii) श्री कुमार उत्कर्ष - सदस्य
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, जहानाबाद।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के सुगॉव पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹250.23129 लाख (अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग का ज्ञापांक-53 दिनांक-25.10.2024) |
| 3 | मॉडल तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित) | - | ₹2,54,64,972/-(मु0अभि0(द0) का पत्रांक-1070(द0)अनु0 दिनांक-07.06.2024) |
| 4 | निविदा की राशि | - | ₹ 2,51,96,973/- |
| 5 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-026429(भ0)2025-26 प्रभात खबर समचार पत्र में दिनांक-17.03.2026 में प्रकाशित। |
| 6 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 13.03.2026 |
| 7 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 02.04.2026 / 06.04.2026 |
| 8 | निविदा की तिथि | - | 21.04.2026 |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | - | 22.04.2026 |

10 निविदादाता का नाम एवं पता

(1) श्रवण टेकबिल्ड प्रा0 लि0, भेनवार, सिकरिया, जहानाबाद (Reg. No.- 1230352, Class-I , RWD)।

(2) मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, बुद्धा कॉलनी, डेल्हा, गया जी (Reg. No.- 1250201, Class-I , RWD)।

(3) वि0आई0पी0 इन्टरप्राईजेज, कामा रोड, औरंगाबाद (Reg. No.- 1240309, Class-I , RWD)।

(4) शिव विजय इंजिनियर्स प्रा0 लि0, अथमलगोला, दक्षिणी चक, पटना (Reg. No.-1240021, Class-I , BCD)।

11 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य:-

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाही:-

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

L:/e/PGG.P./2026/docx 31

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में Eproc 2 पर परिमाण-विपत्र अपलोड रहने की न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटि पूर्ण मानते हुए पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

दिनांक 15.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य के निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं प्रत्येक निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**चतुर्थ बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 12.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

प्रथम **निविदाकार** श्रवण टेकबिल्ड प्रा0 लि0, भेनवार, सिकरिया, जहानाबाद (Reg. No.-1230352, Class-I , RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये Existing Commtments and on-going construction Works मे वर्णित तिथि 26.04.2026 पाया गया जबकि निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि 21.04.2026 है। निविदाकार द्वारा निविदा में अपलोड किये गये Existing Commtments का प्रति निविदा के शर्त्तों में मॉगी गई अर्हता को पूरा नहीं करता है। अतः तकनीकी बीड में इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

द्वितीय **निविदाकार** मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, बुद्धा कॉलनी, डेल्हा, गया जी (Reg. No.- 1250201, Class-I, RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

तृतीय **निविदाकार** वि0आई0पी0 इन्टरप्राईजेज, कामा रोड, औरंगाबाद (Reg. No.- 1240309, Class-I , RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एवं विस्तृत समीक्षा के क्रम में पाया गया कि निविदाकार द्वारा इलेक्ट्रिक कार्य हेतु सबकॉन्ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन संलग्न किया गया है, परन्तु सबकॉन्ट्रैक्टर का इलेक्ट्रिक कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5A(d) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

चतुर्थ **निविदाकार** शिव विजय इंजिनियर्स प्रा० लि०, अथमलगोला, दक्षिणी चक, पटना (Reg. No.-1240021, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस०बी०डी० की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार चार निविदाकार में से दो निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

13 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 डायनेमिक सर्विसेस एण्ड कंपनी, बुद्धा कॉलनी, डेल्हा, गया जी (Reg. No.- 1250201, Class-I, RWD) (2) शिव विजय इंजिनियर्स प्रा0 लि0, अथमलगोला, दक्षिणी चक, पटना (Reg. No.-1240021, Class-I, BCD) को सफल एवं (3) श्रवण टेकबिल्ड प्रा0 लि0, भेनवार, सिकरिया, जहानाबाद (Reg. No.- 1230352, Class-I, RWD) (4) वि0आई0पी0 इन्टरप्राईजेज, कामा रोड, औरंगाबाद (Reg. No.- 1240309, Class-I, RWD) को असफल घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-18.05.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|
| (कुमार उत्कर्ष) | (अभय कुमार सिंह) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, जहानाबाद। | भवन अंचल, गया जी। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-34/2025...1282... पटना/दिनांक...12/5/26

**प्रतिलिपिः**- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/05/26

मुख्य अभियंता (द0)।

9